(To be uploaded on the website of the SBGBT on dated 22.09.2025)

(Website of the SBGBT: https://sbgbteam.com)

# (विस्तृत विज्ञापन)

## शिक्षा पाओ-ज्ञान बढ़ाओ प्रतियोगिता, 2025-2026

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ तिथि व समय | 22.09.2025 (00:00) |
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि व समय | 21.10.2025 (23:59) |
| ऑनलाइन शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि व समय | 21.10.2025 (23:59) |
| परीक्षा की संभावित तिथि | 07.12 2025 (रविवार) |
| परीक्षा की उत्तरकुंजी जारी करने की संभावित तिथि | 10.12.2025 |
| परीक्षा परिणाम जारी करने की संभावित तिथि | 31.12.2025 |
| सर्किल स्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की संभावित तिथि / माह | फरवरी, 2026 |
| संपूर्ण स्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की संभावित तिथि / माह | 21 मई, 2026 |

### प्रतियोगिता का उद्देश्य:

सोच बदलो-गांव बदलो टीम (SBGBT) द्वारा "**शिक्षा पाओ - ज्ञान बढ़ाओ प्रतियोगिता 2025-26**" के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को पहचानने, तराशने और उन्हें प्रेरित करने के साथ-साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण विकसित करने तथा उचित मार्गदर्शन प्रदान करने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों को भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं एवं जीवन की विभिन्न चुनौतियों के लिए सक्षम बनाना है, ताकि वे एक जागरूक, जिम्मेदार और शिक्षित नागरिक के रूप में राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों की समसामयिक ज्ञान, तार्किक क्षमता और शैक्षणिक समझ का आकलन करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता पूर्वी राजस्थान के विभिन्न जिलों के 30 सर्किलों में स्थित लगभग 150 गाँवों में आयोजित की जा रही है।

**2 पात्रता:**

2.1 कक्षा 8वीं से 12वीं तक के सभी छात्र/छात्राएं (वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अध्ययनरत)

2.2 आवेदक जिस सर्किल में आवेदन कर रहा है, वह सर्किल के अंतर्गत किसी विद्यालय में वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अध्ययनरत होना चाहिए या उस सर्किल के अंतर्गत चिह्नित किसी भी एक गाँव का निवासी होना चाहिए।

## 3 आवेदन कैसे करें:

3.1 आवेदन केवल ऑनलाइन मोड में SBGBT की आधिकारिक वेबसाइट **https://sbgbteam.com** पर ही प्रस्तुत किए जा सकते हैं। विस्तृत निर्देशों व आवेदन पत्र के प्रारूप के लिए **परिशिष्ट-I** देखें|

3.2 ऑनलाइन आवेदन पत्र में, आवेदकों को **रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ** को JPEG फॉर्मेट में (20 KB से 50 KB के बीच) अपलोड करना आवश्यक है। फोटोग्राफ का आयाम लगभग 3.5 सेमी (चौड़ाई) x 4.5 सेमी (ऊंचाई) होना चाहिए। **फोटोग्राफ में टोपी और चश्मा नहीं होना चाहिए तथा चेहरे का सामने का दृश्य स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। धुंधली फोटो या हस्ताक्षर वाले आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे।**

3.3 आवेदन पत्र जमा करने से पहले, आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि फोटोग्राफ दिए गए निर्देशों के अनुसार अपलोड किया गया है। यदि फोटोग्राफ वांछित प्रारूप में अपलोड नहीं किया गया है, तो उसका आवेदन/उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है। स्वीकार्य/अस्वीकार्य फोटोग्राफ का नमूना **परिशिष्ट-II** में दिया गया है।

3.4 **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि और समय:21 अक्टूबर,2025 (23:59 बजे)।**

3.5 **आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करते हुए समय से पहले ऑनलाइन आवेदन कर दें, ताकि अंतिम दिनों में वेबसाइट पर अधिक लोड के कारण लॉगिन न कर पाने या किसी अन्य तकनीकी समस्या से बचा जा सके।**

3.6 SBGBT किसी भी तकनीकी कारण या नियंत्रण से बाहर की किसी अन्य स्थिति के कारण समय पर आवेदन न कर पाने की स्थिति में उत्तरदायी नहीं होगा।

3.7 सफलतापूर्वक शुल्क भुगतान और आवेदन पत्र जमा होने पर Registration Number जारी किया जाएगा।Registration Number को भविष्य के संदर्भ के लिए सहेज कर रखें।

3.8 आवेदक View & Print Registration Form पर क्लिक करके अपना Registration Form डाउनलोड/ प्रिंट कर सकते हैं|

## 4 आवेदन शुल्क:

4.1 देय शुल्क: ₹50/- (पचास रुपये मात्र)।

4.2 शुल्क का भुगतान ऑनलाइन मोड में किसी भी UPI ऐप, नेट बैंकिंग या Visa, Mastercard, Maestro, RuPay क्रेडिट या डेबिट कार्ड से किया जा सकता है।

4.3 आवेदन निरस्त होने की स्थिति में भुगतान किया गया शुल्क, 07 दिवस के भीतर संबंधित खाते में वापस कर दिया जाएगा।

**5 परीक्षा केंद्र:**

**सर्किल, सर्किल कोड और परीक्षा केंद्र की जानकारी निम्नानुसार है :**

| S. No. | Name of Circle | Circle Code | Examination Centre |
|---|---|---|---|
| 1. | धनौरा | 01 | उत्थान पुस्तकालय भुमिया बाबा मंदिर परिसर, धनौरा |
| 2. | हांसई | 02 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हांसई |
| 3. | खानपुर मीना | 03 | महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, खानपुर मीना |
| 4. | कांसोटीखेड़ा | 04 | महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, कांसोटीखेड़ा |
| 5. | उमरेह | 05 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, उमरेह |
| 6. | उत्थान भवन, बाड़ी | 06 | उत्थान भवन परिसर, संतनगर रोड, बाड़ी |
| 7. | सिंगोरई | 07 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिंगौरई |
| 8. | मई | 08 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मई |
| 9. | सुनीपुर | 09 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुनीपुर |
| 10. | चिलाचौंद | 10 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चिलाचौंद |
| 11. | आंगई | 11 | श्री बालाजी गार्डन मैरिज होम, आंगई |
| 12. | रहरई | 12 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रहरई |
| 13. | बरौली | 13 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बरौली |
| 14. | मीनेश्वर | 14 | मीनेश्वर मंदिर परिसर, बीझौली |
| 15. | पवैनी | 15 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पवैनी |
| 16. | उत्थान भवन, सरमथुरा | 16 | उत्थान भवन परिसर, सरमथुरा |
| 17. | दीवानपुरा | 17 | राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, दीवानपुरा (जखा) |
| 18. | भमपुरा | 18 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भमपुरा |
| 19. | खुर्दिया | 19 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खुर्दिया |
| 20. | लीलौठी | 20 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लीलौठी |
| 21. | चंद्रावली | 21 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चंद्रावली |
| 22. | कंचनपुरा | 22 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बसंतपुरा |
| 23. | मडासिल | 23 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मडासिल |
| 24. | बड़ागांव | 24 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बड़ागांव |
| 25. | खरौली | 25 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खरौली |
| 26. | बीलौनी | 26 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बीलौनी |
| 27. | डोमई | 27 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, डोमई |
| 28. | गुरदह - झांकरी | 28 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, झांकरी |
| 29. | लांगरा | 29 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लांगरा |
| 30. | रैणी (राजगढ़) | 30 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रैणी |

5.1 आवेदित सर्किल के अनुसार ही प्रतिभागियों को परीक्षा केंद्र आवंटित किए जाएंगे। परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार के परिवर्तन का अधिकार आयोजकों के पास सुरक्षित रहेगा।

## 6 परीक्षा की योजना :

6.1 परीक्षा सभी कक्षाओं के लिए एक ही पारी में आयोजित की जाएगी।

6.2 यह प्रतियोगिता पूर्वी राजस्थान के विभिन्न जिलों के लगभग 150 गाँवों को सम्मिलित करते हुए 30 सर्किलों में आयोजित की जाएगी।

6.3 परीक्षा के पश्चात उत्तर कुंजी (Answer Keys) SBGBT की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

6.4 आवेदक उत्तर कुंजी के प्रकाशन की तिथि से 07 दिन के अंतर्गत अपनी आपत्तियां उचित प्रमाणों के साथ SBGBT की आधिकारिक ईमेल आईडी **sbgbteam@gmail.com** के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

6.5 उत्तर कुंजी के संबंध में प्राप्त आपत्तियों की जांच की जाएगी और अंतिम उत्तर कुंजी जारी की जाएगी। इस संबंध में SBGBT का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

6.6 इस अधिसूचना में दर्शायी गई परीक्षा की तिथियाँ संभावित (Tentative) हैं। परीक्षा कार्यक्रम में कोई भी परिवर्तन केवल SBGBT की वेबसाइट के माध्यम से ही आवेदकों को सूचित किया जाएगा।

6.7 परीक्षा के अंकों का (विशेष परिस्थितियों के अतिरिक्त) पुनर्मूल्यांकन या पुनः जांच की कोई व्यवस्था नहीं होगी। केवल पुनर्गणना (Re-totaling) के संबंध में आवेदक, निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी आपत्तियां, उचित प्रमाणों के साथ SBGBT की आधिकारिक ईमेल आईडी **sbgbteam@gmail.com** के माध्यम से अथवा उत्थान भवन, बाड़ी अथवा सरमथुरा में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकते हैं। किसी भी अन्य माध्यम से प्राप्त निवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

6.8 **कक्षा-वार परीक्षा की योजना:**

| **कक्षा / प्रश्नपत्र** | **विषय** | **प्रश्नों की संख्या** | **अधिकतम अंक** | **निर्धारित समय सीमा** |
|---|---|---|---|---|
| **कक्षा 8 से 10** | सामान्य ज्ञान | 20 | 40 | **2 घंटे** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **(प्रत्येक कक्षा के लिए एक अलग प्रश्न पत्र होगा)** | सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्कशीलता | 5 | 10 | |
| | नैतिक शिक्षा / SBGBT से संबंधित प्रश्न | 5 | 10 | |
| | हिन्दी | 10 | 20 | |
| | अंग्रेजी | 10 | 20 | |
| | गणित | 15 | 30 | |
| | विज्ञान | 15 | 30 | |
| | सामाजिक विज्ञान | 10 | 20 | |
| | संस्कृत | 10 | 20 | |
| | **कुल** | **100** | **200** | |
| **कक्षा 11 से 12 (दोनों कक्षाओं के लिए एक ही संयुक्त प्रश्न पत्र होगा)** | सामान्य ज्ञान | 60 | 80 | **2 घंटे** |
| | सामान्य हिन्दी | 6 | 12 | |
| | सामान्य अंग्रेजी | 6 | 12 | |
| | सामान्य विज्ञान | 6 | 12 | |
| | गणितीय योग्यता | 6 | 12 | |
| | सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्कशीलता | 6 | 12 | |
| | सामान्य कंप्यूटर | 5 | 10 | |
| | नैतिक शिक्षा / SBGBT से संबंधित प्रश्न | 5 | 10 | |
| | **कुल** | **100** | **200** | |

- ❖ परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित होगी। प्रश्न पत्र में केवल अंग्रेज़ी को छोड़कर, सभी विषयों के प्रश्न अंग्रेज़ी और हिन्दी दोनों भाषाओं में होंगे।
- ❖ गलत उत्तर के लिए कोई **नकारात्मक अंकन नहीं** होगा।
- ❖ शैक्षणिक सत्र 2025-26 में **कक्षा 8, 9 या 10** में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए **कक्षा-वार अलग-अलग प्रश्न पत्र** होंगे।
- ❖ शैक्षणिक सत्र 2025-26 में **कक्षा 11 या 12** में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए एक **संयुक्त प्रश्न पत्र** होगा।

**6.9 सांकेतात्मक पाठ्यक्रम (कक्षा 8 से 10):**

- **सामान्य ज्ञान:** भारत और राजस्थान का सामान्य ज्ञान एवं राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्व की समसामयिक घटनाएँ

- **सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्कशक्ति:** इसमें समानता और भिन्नता, पैटर्न, आकृतिक पैटर्न, स्थान कल्पना, समस्या समाधान, निर्णय, दृश्य स्मृति, आकृति वर्गीकरण, वेन आरेख, श्रृंखला, संख्यात्मक क्रियाएं कूटलेखन, कथन-निष्कर्ष, इत्यादि शामिल होंगे।

- **नैतिक शिक्षा / जीवन कौशल / SBGBT से संबंधित प्रश्न:**
  सत्य, ईमानदारी, कर्तव्य, सहानुभूति
  आत्मविश्वास, अनुशासन, सकारात्मक सोच
  समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण
  शिक्षा का उद्देश्य और SBGBT का महत्व
  संवाद कौशल, निर्णय लेना, समस्या समाधान

- **हिन्दी**, **अंग्रेज़ी**, **विज्ञान**, **गणित**, **सामाजिक विज्ञान**, **संस्कृत:** इन सभी विषयों के प्रश्न संबंधित कक्षा के **RBSE/CBSE** द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे।

**6.10 सांकेतात्मक पाठ्यक्रम (कक्षा 11 से 12):**

- **सामान्य ज्ञान:** भारत व राजस्थान का सामान्य ज्ञान (इतिहास, भूगोल, राजनीति, अर्थव्यवस्था, संस्कृति, परंपराएँ, प्रमुख व्यक्तित्व, संगठन)
  **समसामयिक घटनाएँ** : राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय महत्व की घटनाएँ
  **भारतीय संस्कृति एवं धरोहर** : महापुरुषों का जीवन, त्योहार, भारतीय मूल्य
  **पर्यावरण और विज्ञान-प्रौद्योगिकी** : पर्यावरणीय मुद्दे, संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, विज्ञान की नई खोजें

- **सामान्य हिंदी :**
  **हिंदी व्याकरण: वर्ण-विचार -** (स्वर, व्यंजन, उच्चारण), **शब्द-विचार -** (पर्यायवाची, विलोम, अनेकार्थी, तत्सम-तद्भव, उपसर्ग, प्रत्यय) तथा **वाक्य-विचार -** (संधि, समास, वाक्य शुद्धि, काल, लिंग, वचन, कारक, मुहावरे और लोकोक्तियाँ), संधि और समास से संबंधित पहचान वाले प्रश्न तथा वाक्य सुधार व अशुद्धि सुधार पर आधारित प्रश्न ।

- **General English:**
  Vocabulary, grammar, sentence structure, synonyms, antonyms and their correct usage; Spot the Error, Fill in the Blanks, Spellings/ Detecting mis-spelt words, Idioms & Phrases, One word substitution

- **सामान्य विज्ञान:**

**भौतिक विज्ञान:** गति, न्यूटन के गति नियम, कार्य-ऊर्जा-शक्ति, गुरुत्वाकर्षण, ध्वनि, प्रकाश का परावर्तन और अपवर्तन तथा विद्युत (ओम का नियम, धारिता, प्रतिरोध आदि)

**रसायन विज्ञान:** रासायनिक अभिक्रियाएं और समीकरण, अम्ल-क्षार-लवण, धातु और अधातु, आवर्त सारणी तथा कार्बन और उसके यौगिकों (जैसे हाइड्रोकार्बन, साबुन-डिटर्जेंट) से संबंधित आधारभूत अवधारणाएं।

**जीवविज्ञान:** कोशिका की संरचना, जीवन प्रक्रियाएं (जैसे पाचन, श्वसन, परिसंचरण), प्रजनन के प्रकार, नियंत्रण और समन्वय, वंशानुक्रम एवं जैव विकास तथा पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों से जुड़े विषय।

- **गणितीय योग्यता:**

**संख्या पद्धति:** पूर्णांक, अभाज्य, हर, अंश, LCM, HCF, सम-विषम, भिन्न, दशमलव, वर्गमूल, श्रेणियाँ

**सरलीकरण:** BODMAS नियम, बड़े नंबर, घातांक, करणी

**बीजगणित:** सरल समीकरण, द्विघात समीकरण, सूत्र ($a^2 - b^2$, $(a + b)^2$), अनुपात

**ज्यामिति:** रेखा, कोण, त्रिभुज, चतुर्भुज, वृत्त, क्षेत्रफल, समरूपता

**आँकड़े एवं आकृतियाँ:** क्षेत्रफल, आयतन, डेटा संग्रह, औसत

**समय और कार्य:** कार्य की दर, समय, दैनिक जीवन प्रश्न

**समय, दूरी, चाल:** औसत चाल, यात्रा समय, ट्रेन और नाव के प्रश्न

**लाभ, हानि, छूट:** लागत, विक्रय, प्रतिशत लाभ/हानि, छूट

**प्रतिशत, ब्याज:** साधारण एवं चक्रवृद्धि ब्याज

**अनुपात, मिश्रण, साझेदारी**

- **तर्कशक्ति और सामान्य बुद्धिमत्ता:**

इसमें समानता और भिन्नता,पैटर्न, आकृतिक पैटर्न,स्थान कल्पना, समस्या समाधान, निर्णय, दृश्य स्मृति, आकृति वर्गीकरण, वेन आरेख, श्रृंखला, संख्यात्मक क्रियाएं कूटलेखन, कथन-निष्कर्ष इत्यादि शामिल होंगे।

- **सामान्य कम्प्युटर विज्ञान :**

कंप्यूटर का परिचय, हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर

ऑपरेटिंग सिस्टम और **MS Office** की मूल बातें (**Word, Excel, PowerPoint)**

इंटरनेट, ई-मेल, साइबर सुरक्षा

डेटा व सूचना का अंतर

नेटवर्किंग और डिजिटल नैतिकता की मूल बातें

❖ **नैतिक शिक्षा / SBGBT से संबंधित प्रश्न :**

**नैतिक मूल्य:** सत्य, अहिंसा, करुणा, ईमानदारी, कर्तव्य, सहिष्णुता

**व्यक्तित्व विकास:** आत्म-नियंत्रण, आत्मविश्वास, अनुशासन, सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन

**सामाजिक नैतिकता:** परिवार, विद्यालय, समाज में सम्मान, स्वच्छता, सहयोग

**पर्यावरण जिम्मेदारी:** जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त जीवन, पौधारोपण

**डिजिटल नैतिकता:** सोशल मीडिया का सही उपयोग, साइबर नैतिकता

**शिक्षा का उद्देश्य:** व्यवहारिक ज्ञान, समाज कल्याण, सोच और समाज में बदलाव, सोच बदलो गाँव बदलो संस्था और समाज निर्माण में इसकी महत्ता

**जीवन कौशल:** समस्या समाधान, निर्णय लेना, संवाद, संघर्ष प्रबंधन

## 7 परीक्षा में प्रवेश:

7.1 सभी योग्य एवं समय पर पंजीकृत आवेदकों को, जिनके आवेदन नियमों के अनुसार अनंतिम रूप से SBGBT द्वारा स्वीकार किए जाएंगे, रोल नंबर आवंटित कर प्रवेश पत्र (Admit Card) जारी किए जाएंगे।

7.2 यदि प्रमाणपत्रों / दस्तावेजों की जांच के बाद यह पाया गया कि आवेदन में किया गया कोई दावा उचित दस्तावेजों द्वारा सिद्ध नहीं है, तो आवेदक का आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।

7.3 परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र SBGBT की वेबसाइट (https://sbgbteam.com) पर ऑनलाइन जारी किए जाएंगे। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से वेबसाइट विज़िट करते रहें।

7.4 प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सुविधा परीक्षा से 3 से 7 दिन पहले SBGBT की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। प्रवेश पत्र की प्रिंट कॉपी उत्थान भवन, बाड़ी या उत्थान भवन, सरमथुरा से भी प्राप्त की जा सकेगी। आवेदक को प्रवेश पत्र की प्रिंट कॉपी परीक्षा हॉल में लाना अनिवार्य है।

7.5 प्रवेश पत्र के साथ निम्न में से कोई एक मूल फोटो पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा, जिसमें जन्म तिथि उल्लिखित हो:

- आधार कार्ड / ई-आधार की प्रिंट कॉपी,
- स्कूल द्वारा जारी आईडी कार्ड,
- केंद्र/राज्य सरकार द्वारा जारी अन्य कोई फोटो युक्त पहचान पत्र।

## 8 पुरस्कार एवं सम्मान हेतु पात्रता एवं चयन प्रक्रिया:

8.1 परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्णांक 40% रहेगा।

8.2 परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर आवेदकों को कक्षा-वार पुरस्कार वितरण समारोह हेतु शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। **सर्किल स्तर पर, कक्षा 8वीं से 10वीं तक प्रत्येक कक्षा से शीर्ष तीन तीन स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को, जबकि कक्षा 11वीं और 12वीं के संयुक्त रूप से शीर्ष तीन स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को SBGBT द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।**

8.3 **सभी 30 सर्किलों हेतु, संपूर्ण स्तर (Overall Level) पर प्रतियोगिता में सम्मिलित विद्यार्थियों की एक समग्र वरीयता सूची तैयार की जाएगी। इसके अंतर्गत कक्षा 8वीं से 10वीं तक प्रत्येक कक्षा के शीर्ष तीन स्थान प्राप्त विद्यार्थियों तथा कक्षा 11वीं और 12वीं से संयुक्त रूप से शीर्ष तीन स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को SBGBT द्वारा विशेष एवं आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।**

8.4 पुरस्कार वितरण हेतु अंतिम सूची केवल परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी।

**9 SBGBT का निर्णय अंतिम होगा:** पात्रता, आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, झूठी जानकारी देने पर दंड, चयन प्रक्रिया, परीक्षा का संचालन, परीक्षा केंद्र का आवंटन, पुरस्कार एवं सम्मान हेतु चयनित आवेदकों की सूची इत्यादि सभी मामलों में SBGBT का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा और इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**10 आवेदकों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश:**

**A.** आवेदन करने से पहले, आवेदकों को प्रतियोगिता के विज्ञापन में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ना अनिवार्य है।

**B.** आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करते हुए अंतिम तिथि से पहले ही ऑनलाइन आवेदन जमा कर दें, ताकि अंतिम दिनों में वेबसाइट पर अधिक लोड के कारण लॉगिन करने में परेशानी या असफलता से बचा जा सके।

**C.** जब आवेदन सफलतापूर्वक जमा हो जाएगा, तो वह 'अनंतिम रूप से' स्वीकार किया जाएगा। आवेदक को अपने रिकॉर्ड हेतु आवेदन पत्र की प्रिंट कॉपी रखनी चाहिए। सामान्यतः ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रिंट कॉपी **SBGBT** को भेजना आवश्यक नहीं है।

**D.** सभी आवेदकों के लिए देय शुल्क **₹50/-** (केवल पचास रुपये) है।

**E.** एक आवेदक द्वारा केवल एक ऑनलाइन आवेदन की अनुमति है। इसलिए, ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय सावधानी बरतना आवश्यक है। यदि किसी आवेदक के एक से अधिक आवेदन भिन्न पंजीकरण संख्याओं के साथ पाए जाते हैं, तो सभी आवेदन

रद्द कर दिए जाएंगे।

**F.** आवेदकों को अपना नाम, जन्म तिथि, पिता का नाम और माता का नाम आधार कार्ड/स्कूल आईकार्ड/शाला अभिलेख में दिए अनुसार ही भरना होगा, अन्यथा उनका आवेदन **OMR** सत्यापन या किसी अन्य चरण में रद्द किया जा सकता है।

**G.** धुंधली/छोटी फोटो या निर्धारित प्रारूप में नहीं होने वाली फोटो वाले आवेदन सीधे अस्वीकार कर दिए जाएंगे। इसी प्रकार, धुंधले या छोटे हस्ताक्षर वाले आवेदन भी अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

**H.** आवेदकों को अपने सही एवं सक्रिय ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर ऑनलाइन आवेदन में भरने की सलाह दी जाती है, क्योंकि **SBGBT** द्वारा परीक्षा के संदर्भ में किसी भी आवश्यक दिशा निर्देश अथवा सूचना हेतु संपर्क ईमेल / एसएमएस के माध्यम से किया जा सकता है।

**I.** SBGBT को किसी भी प्रकार का पत्राचार करते समय आवेदक को अपना पंजीकरण संख्या, रोल नंबर, पंजीकृत ईमेल-आईडी, मोबाइल नंबर, नाम, जन्म तिथि और कक्षा अवश्य लिखना होगा। यदि इन जानकारियों के बिना कोई पत्राचार किया गया, तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

**J.** ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदक को रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो **JPEG** प्रारूप (**20KB** से **50KB)** में अपलोड करना आवश्यक है। फोटो तीन महीने से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए। फोटो का माप लगभग **3.5** सेमी (चौड़ाई) **x 4.5** सेमी (ऊंचाई) होना चाहिए। फोटो में टोपी, चश्मा नहीं होना चाहिए और चेहरा सामने से स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। यदि आवेदक द्वारा सही फोटो अपलोड नहीं की जाती है, तो उसकी आवेदन रद्द कर दी जाएगी। मान्य/अमान्य फोटो के नमूने परिशिष्ट-**II** में दिए गए हैं।

**(देवेन्द्र सिंह धनेरा)**

**दिनांक : 22 सित.2025** **चीफ़ कोऑर्डिनेटर ,SBGBT**